Website:www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष-28 अंक 197 जगदलपुर, सोमवार, 04 मई 2026 पृष्ठ- 8 मूल्य- ₹ 2.50 • जगदलपुर • रायपुर • बिलासपुर से प्रकाशित

ब्रेकिंग न्यूज

बाइक अनियंत्रित होकर ट्रक से टकराई दो एमबीबीएस छात्र घायल

जगदलपुर, 04 मई (हाईवे चैनल)। मेडिकल कॉलेज डिमरापाल के प्रथम वर्ष के कुछ छात्र रविवार को घूमने के लिए तिरिया गए हुए थे। जहां से वापस लौटने के दौरान अचानक छात्र का संतुलन बिगड़ गया और बाइक ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में बाइक के पीछे बैठी छात्रा दूर जा गिरी। जबकि छात्र ट्रक से जा टकराया। इस घटना में छात्र को गंभीर चोट आई। जिसे उपचार के लिए मेकाज में भर्ती किया गया है। तिरिया जाने के बाद जब सभी छात्र बाइक से वापस जगदलपुर के लिए निकले। तभी रास्ते में अचानक तूफान शुरू हो गया। इसी दौरान बाइक खड़े ट्रक से जा टकराई। इस घटना में बाइक में पीछे बैठी छात्रा दूर जा गिरी और छात्र ट्रक से जा टकराया। इस घटना में छात्र के सिर के अलावा शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई। अन्य साथियों द्वारा एम्बुलेंस की मदद से पहले घायलों को महारानी अस्पताल ले जाया गया, उसके बाद सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल लाया गया। काफी देर तक चले उपचार के बाद छात्र को देर रात मेकाज में भर्ती किया गया है। वहीं, छात्र की हालत काफी नाजुक बताई जा रही है। घटना की जानकारी छात्र के परिजनों को दे दी गई है।

ट्रक ने बाइक सवार पिता-पुत्र को कुचला, मौके पर हुई दर्दनाक मौत

राजिम, 04 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के राजिम से दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है। यहां एक तेज रफ्तार ट्रक और मोटरसाइकिल की जोरदार भिड़ंत में पिता-पुत्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, फिंगेश्वर-छुरा मार्ग पर लोहझर गांव के पास ट्रक और मोटरसाइकिल के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस भीषण हादसे में बाइक सवार पिता और पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मंजर ऐसा था कि लोग देख कर सहम गए। बताया जा रहा है कि हादसा पीएचई विभाग की गाड़ी से हुआ है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों की घटनास्थल पर ही जान चली गई। घटना की सूचना मिलते ही छुरा पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

पीएम मोदी इस महीने करेंगे चार यूरोपीय देशों की यात्रा

नई दिल्ली, 04 अई (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मई के मध्य यूरोप के चार देशों की अहम यात्रा पर जाएंगे। कूटनीति के मोर्चे पर मई का महीना भारत के लिए अहम होने जा रहा है। इस दौरान इटली, वेटिकन, नॉर्वे, स्वीडन, नीदरलैंड जैसे देशों के साथ ट्रेड, रक्षा सहयोग, यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर चर्चा होने की संभावना है। मोदी के यूरोप की यात्रा के दौरान संयुक्त अरब अमीरात में भी कुछ देर रुकने की उम्मीद है। पीएम मोदी मई 2026 में चार मध्य यूरोप के चार देशों की यात्रा पर जा रहे हैं। इस चार देशों की यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों, व्यापार, तकनीकी सहयोग और रणनीतिक साझेदारी जैसे कई मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

ममता बोलीं– आखिरी राउंड के बाद टीएमसी ही जीतेगी

बंगाल में बनने जा रही भाजपा की सरकार

कोलकाता, 04 मई (एजेंसी)। बंगाल की 294 में से 293 विधानसभा सीटों के परिणाम आज घोषित हो रहे हैं। राज्य के 77 मतगणना केंद्रों पर बेहद कड़ी सुरक्षा में सुबह आठ बजे से वोटों की गिनती शुरू हो गई है रूझानों के अनुसार पश्चिम बंगाल में भाजपा जीत की तरफ बढ़ती दिखाई पड़ रही है।

आसनसोल इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित मतगणना केंद्र के पास झड़प होने पर कुर्सियों और वाहनों में तोड़फोड़ की गई। सुरक्षाकर्मी मौके पर मौजूद हैं। बंगाल चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन के बाद दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय पर जश्न मनाया जा रहा है। पीएम मोदी भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

तृणमूल सरकार में मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा– मतगणना में देरी क्यों हो रही है। अभी तक कई जगहों पर दो राउंड की ही गिनती क्यों हुई है। टीएमसी के प्रवक्ता और बेलेघाटा से उम्मीदवार कुणाल घोष ने कहा, अभी 3-4 राउंड तक मतगणना हुई है, इस पर अभी कोई टिप्पणी करना ठीक नहीं है। अभी बहुत लंबा सफर बाकी है। यह अंतिम परिणाम नहीं है। हमारी पार्टी फैसला ले रही है। हमारी पार्टी का शीर्ष नेतृत्व अवलोकन आधारित मांग तय करेगा। अभी तक 5-6 राउंड हुए हैं और अभी करीब 20 राउंड तक होगा। तृणमूल कांग्रेस के सबसे मजबूत गढ़ ग्रेटर कोलकाता के इलाकों में भाजपा इस बार बहुत अच्छा प्रदर्शन करती नजर आ रही है। पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा, मैंने डीएम को निर्देश दिया है कि आज विजय जुलूसों के लिए कोई अनुमति न दी जाए। अनुमति कल से दी जाएगी। अनुमतियां पुलिस थानों से जारी की जाएंगी। हमारा प्रयास शांति बनाए रखना है। यह पहली बार है कि चुनावों के दौरान और आज वोटों की गिनती के दौरान हिंसा की कोई घटना नहीं हुई। मैं लोगों से शांति बनाए रखने का अनुरोध करता हूं।

ममता बनर्जी ने किया जीत का दावा

रुझानों में भाजपा को बंपर बढ़त मिलती दिख रही है। इस बीच ममता बनर्जी ने एक वीडियो जारी किया है। उन्होंने कहा है कि अंतिम नतीजे आने पर टीएमसी ही जीतेगी। ममता ने अपने कार्यकर्ताओं से मतगणना केंद्र नहीं छोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिन सीटों पर उनकी पार्टी जीत रही है, वहां काउंटिंग स्लो कर दी गई है।

भाजपा की बढ़त पर सीएम ने जताई खुशी

बलरामपुर, 04 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार सुबह बलरामपुर भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान सीएम साय ने पांच राज्यों के चुनावी रुझानों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि शुरुआती रुझान भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में दिखाई दे रहे हैं। यह जनता के विश्वास और भाजपा सरकार के कार्यों का परिणाम है। इसी के साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पश्चिम बंगाल में भाजपा को बहुमत मिलने के रुझानों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे लोकतंत्र की जीत बताया और संबंधित राज्यों के मतदाताओं को बधाई दी। उन्होंने आगे कहा कि जनता ने विकास, सुशासन और जनकल्याण की राजनीति पर भरोसा जताया है। बता दें कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रविवार को बलरामपुर के प्रवास पर पहुंचे थे।

विजय के घर पर जश्न का माहौल

खुद के दम पर सरकार बनाने का दावा

चेन्नई, 04 मई (एजेंसी)। तमिलनाडु में जैसे-जैसे चुनाव के शुरुआती रुझान सामने आ रहे हैं, अभिनेता विजय के घर के अंदर जश्न का माहौल है। उनके पिता फिल्म निर्माता एसए चंद्रशेखर भी वहीं मौजूद थे, जबकि समर्थक इस पल का गवाह बनने के लिए जमा हुए थे। इसके साथ ही विजय के घर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है, तमिलनाडु पुलिस के साथ-साथ सीआरपीएफ की टुकड़ी भी तैनात कर दी गई है।

जैसे-जैसे वोटों की गिनती आगे बढ़ रही वैसे-वैसे अभिनेता विजय घर के अंदर का माहौल तमिलगा वेट्टी कजगम के समर्थकों की बढ़ती भीड़ के साथ बदलता नजर आ रहा है। हालाँकि, आधिकारिक नतीजे अभी भी आ रहे हैं, और अंतिम नतीजे वोटों की गिनती के सभी दौर पूरे होने के बाद ही साफ़ होंगे। एक तरफ जहां टीवीके के नेता रुझानों को देखते हुए सरकार बनने के पूरे आसार देख रहे हैं। नेताओं का यहां तक दावा है कि उन्हें सरकार बनाने के लिए किसी के समर्थन की जरूरत नहीं पड़ेगी। वहीं दूसरी ओर एआईएडीएमके नेता, सीपीचैयन ने जोर देकर कहा कि एआईएडीएमके अभिनेता-राजनेता विजय की पार्टी टीवीके के साथ हाथ नहीं मिलाएगी।

आजादी के बाद पहली बार देश से लेफ्ट का सूपड़ा साफ, कांग्रेस की 10 साल बाद वापसी

तिरूअनंतपुरम, 04 अप्रैल (एजेंसी)। केरल में विधानसभा चुनाव के बाद मतगणना जारी है। रुझानों के अनुसार केरल में 10 साल बाद एक बार फिर कांग्रेस गठबंधन की सरकार वापसी कर रही है। केरल के सभी 140 सीटों के रुझान सामने आ गए हैं। इसमें लेफ्ट गठबंधन एलडीएफ को 39 सीटों पर आगे दिखाया जा रहा है। वहीं कांग्रेस गठबंधन की यूडीएफ 95 सीटों आगे दिख रही है। सबसे बड़ी बात जो इस चुनाव में निकल कर आई है वो है बीजेपी द्वारा 3 सीटों पर आगे रहना। वहीं अन्य भी 3 सीटों पर आगे दिखाई दे रही है। इन रुझानों को नतीजों में बदलने में अब ज्यादा वक्त नहीं है।

इसी के साथ ही आजादी के बाद पहली बार ऐसा हो रहा है कि देश के किसी भी राज्य में अब लेफ्ट की सरकार नहीं रहेगी। केरल आखिरी राज्य था, जहां लेफ्ट की सरकार बची हुई थी, हालांकि अब केरल भी लेफ्ट के हाथ से छूटता नजर आ रहा है। बता दें इससे पहले भी त्रिपुरा और बंगाल से लेफ्ट साफ हो चुका है। बता दें कि केरल के अलावा पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा में भी लेफ्ट की सरकार पहले रह चुकी है, लेकिन इन दोनों जगहों पर भी लेफ्ट का सफाया हो चुका है। साल 2011 में पश्चिम बंगाल में लेफ्ट की सरकार एक बार बाहर हुई तो फिर दोबारा वापसी नहीं कर सकी। वहीं त्रिपुरा में भी साल 2018 में लेफ्ट की सरकार को जनता ने सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। अब केरल में भी लेफ्ट की सरकार गिरती हुई नजर आ रही है। केरल में यूडीएफ की जीत के साथ ही पूरे देश से लेफ्ट का सफाया हो जाएगा। इसका मतलब है कि देश के किसी भी राज्य में लेफ्ट की सरकार नहीं बचेगी।



अमेरिका ने चीन की 5 पेट्रोकेमिकल कंपनियों पर लगाया बैन खरीद रहे थे ईरानी तेल, ड्रैगन बोला- हम नहीं मानेंगे आदेश

नई दिल्ली, 04 मई (एजेंसी)। ईरानी तेल खरीद को लेकर अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक तनाव अब और बढ़ गया है। अमेरिका ने ईरानी तेल खरीद करने वाली चीन की 5 कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिका ने इन कंपनियों को अपनी स्पेशली डिज़िग्नेटेड नेशनल्स सूची में डाल दिया है, जिसके तहत उनकी संपत्तियां फ्रीज की जा सकती हैं और उनके साथ लेन-देन पर रोक लगाई जाती है।

वहीं इस फैसले के जवाब में चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने एक बड़ा फैसला लेते हुए अपने देश की कंपनियों को अमेरिकी प्रतिबंधों का पालन न करने का आदेश दिया है। यह कदम खास तौर पर उन चीनी पेट्रोकेमिकल कंपनियों को बचाने के लिए उठाया गया है, जिन पर अमेरिका ने ईरान के तेल कारोबार से जुड़े होने का आरोप लगाया है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को एक आधिकारिक आदेश जारी कर घरेलू कंपनियों को अमेरिकी प्रतिबंधों का पालन करने से रोक दिया है। यह पहली बार है जब चीन ने अपने ब्लॉकिंग स्टैच्यूट यानी ऐसा कानूनी हथियार इस्तेमाल किया है, जो विदेशी कानूनों के असर को अपने देश में निष्प्रभावी करने के लिए बनाया गया है। इस कदम को सिर्फ कूटनीतिक विरोध से आगे बढ़कर कानूनी जवाबी कार्रवाई के तौर पर देखा जा रहा है।

नदी में गिरी बेकाबू कार, शादी से लौट रहे 4 युवकों की मौत, 2 गंभीर

कवर्धा, 04 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। शादी कार्यक्रम से लौट रही कार बेकाबू होकर फोक नदी में जा गिरी। चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना पांडातराई थाना क्षेत्र अंतर्गत गड़ाई गांव के पास फोक नदी के पुल पर हुआ है।

जानकारी के मुताबिक, रायपुर के बिरगांव क्षेत्र के निवासी कुछ युवक पंडरिया में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। शादी की रस्में पूरी होने के बाद वे अपनी कार से रायपुर लौट रहे थे। इस दौरान उनकी कार तेज रफ्तार में होने के कार गड़ई गांव के पास स्थित फोक नदी के पुल में अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई। कार में उस वक्त 6 लोग सवार थे, जिनमें से 4 की मौके पर ही मौत और 2 घायल हो गए हैं। मृतकों की पहचान अरमान खान, सौंफ, अनस और कौनेन के रूप में हुई है, जबकि घायल युवकों के नाम जुनैद रजा और आरजू खान बताए जा रहे हैं।

घटना के बाद आस आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के साथ तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद घायलों को कार से बाहर निकालकर तत्काल जिला अस्पताल रवाना किया गया। दोनों युवक को बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के बाद पंडरिया स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। पुलिस के प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और वाहन का नियंत्रण खोना बताया जा रहा है। मामले की जांच में जुटी हुई है। इस हादसे के बाद मृतकों के परिवारों में मातम पसरा हुआ है और पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

बस्तर में इनोवेशन महाकुंभ 1.0 का हुआ आगाज

स्टार्टअप और स्वरोजगार को मिलेगा बढ़ावा

जगदलपुर, 04 मई (हाईवे चैनल)। बस्तर संभाग में नवाचार, स्टार्टअप, उद्यमिता और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार सुबह नौ बजे से इनोवेशन महाकुंभ 1.0 कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता राज्यपाल रमेन डेका ने की। इस अवसर पर वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, स्वदेशी एवं उद्यमिता विशेषज्ञ सतीश कुमार, एनईटीएफ के चेयरमैन प्रो. अनिल डी सहस्रबुद्धे, सांसद महेश कश्यप, महापौर संजय पांडे, राजपरिवार सदस्य कमलचंद्र भंजदेव, आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर प्रो. राजीव प्रकाश, सीजी कॉस्ट के निदेशक डॉ. प्रशांत कवीश्वर, स्वावलंबी भारत अभियान के स्टेट कोऑर्डिनेटर जगदीश पटेल और केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अधिकारी घनश्याम विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिया गया, जबकि आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ. राजेश लालवानी ने प्रस्तुत किया। इस दौरान पद्मश्री बुधरी तासी को सम्मानित किया गया। साथ ही इनोवेशन एंड स्टार्टअप कॉन्क्लेव 2026 रोडमैप फॉर विकसित भारत 2047 का विमोचन भी किया गया। उद्घाटन सत्र के बाद तीन तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें राज्य और देश के विभिन्न संस्थानों के विशेषज्ञ, सीजी स्टेट बेवरेज कॉर्पोरेशन के चेयरमैन श्रीनिवास राव मद्दी, डॉ. अमित दुबे, प्रो. सत्यनारायण सेशाद्रि, सम्यक जैन, प्रो. विकास सिंह और प्रो. हुलास पाठक युवाओं का मार्गदर्शन करेंगे। शाम को विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।

राज्यपाल ने एक पेड़ मां के नाम पर मौलश्री का किया पौधरोपण

राज्यपाल रमेन डेका ने शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इनोवेशन महाकुंभ 1.0 कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे, इस दौरान उन्होंने परिसर में एक पेड़ मां के नाम पर मौलश्री का पौधरोपण किया। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, महापौर संजय पांडेय, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनोज श्रीवास्तव, कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा सहित अन्य विशिष्ट गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

जोबा धान संग्रहण केंद्र में अव्यवस्थाओं से गाड़ी मालिक और ड्राइवर परेशान

कोंडागांव, 04 मई (हाईवे चैनल)। जिले के जोबा धान संग्रहण केंद्र में इन दिनों भारी अव्यवस्था देखने को मिल रही है। केंद्र में धान लेकर पहुंच रही गाड़ी मालिकों और ड्राइवरों को पानी, भोजन और अन्य मूलभूत सुविधाओं के अभाव में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दूर-दराज से धान लेकर आने वाले वाहन चालक घंटों तक केंद्र में रुके रहते हैं, लेकिन उनके लिए पीने के पानी और खाने-पीने की कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। जोबा धान संग्रहण केंद्र प्रभारी ने बताया कि ड्राइवरों की समस्या एवं पानी की कमी को लेकर करीब 15 दिन पहले ही डीएमओ, खाद्य अधिकारी एवं अपर कलेक्टर को अवगत कराया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं हो पाई है। वहीं दूसरी ओर मिलर द्वारा हमाल ठेकेदार को भुगतान नहीं दिए जाने के कारण हमालों ने काम करने में असमर्थता जताई है। हमालों के काम बंद करने से धान उतारने का कार्य प्रभावित हो रहा है, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग रही है और ड्राइवरों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। ड्राइवरों और गाड़ी मालिकों ने प्रशासन से जल्द समस्या का समाधान कर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। इस दौरान संजय राव घोड़े, सुकालू राम साहू, सनी साहू, कन्हैया लाल यादव, मोनू साहू, उमेश साहू, जीके साहू एवं अन्य ड्राइवर साथियों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के सामने रखीं।